R.N.I.No. 22705 / 72

# सरसवाणी

वर्ष: 53 | अंक : 09 | सितम्बर 2023 | विक्रम संवत् 2080 | भाद्रपद | लागत मूल्य : ₹ 6

## माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई

प्रशिक्षण एवं पर्यावरण सन्तुलन समिति, केन्द्रीय युवा समिति

एवं समस्त क्षेत्रीय युवा समितियों द्वारा आयोजित

# MAHESHWARI GEN X : A NEW ERA

**7th - 8th October 2023 • 10 am - 5 pm • Maheshwari Bhavan, Andheri**

## EXHIBITOR'S PROFILE

- Jewellery
- Textiles
- Garments
- Gift Articles
- Artifacts
- Food & Confectionery
- Printing & Stationery
- Financial Services
- Home Decor
- Food Packaging
- Event Management
- IT Solutions
- Personal Care/ Organic Products
- Travel Planner
- & Many More...

## LUCKY DRAW in every 2 hrs




समाजबन्धु सादर आमंत्रित हैं।

| निवेदक | अध्यक्ष | मंत्री/संयोजक |
|---|---|---|
| माहेश्वरी प्रगति मण्डल | प्रमोदकुमार देवपुरा | नारायण मालपानी |
| प्रशिक्षण एवं पर्यावरण समिति | आशीष काबरा | संदीप परवाल |
| केन्द्रीय युवा समिति | सुमित दरक | गौरव चेचाणी |

More Details p 4

## वार्षिक साधारण सभा

माहेश्वरी प्रगति मण्डल की 65 वीं वार्षिक साधारण सभा शनिवार, दि. 30 सितम्बर 2023 को सायं 6 बजे माहेश्वरी भवन, 603, जगन्नाथ शंकरशेठ रोड, गिरगांव, मुम्बई -400002 में होगी, जिसकी सूचना अगस्त 2023 सरसवाणी में प्रकाशित की गई है।

| क्र. | कार्यक्रम विवरण | आयोजक | दिनांक | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|---|---|
| 01. | गणेश विसर्जन-कचौड़ी वितरण | दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति | 28 सितम्बर | 04 |
| 02. | वार्षिकोत्सव | मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समितियाँ | 1 अक्टूबर | 05 |
| 03. | Together Forever | विवाह सहयोग समिति | 2 अक्टूबर | 09 |
| 04. | Maheshwari Gen-X | प्रशिक्षण एवं पर्यावरण समिति तथा सभी युवा समितियाँ | 7 एवं 8 अक्टूबर | 01/04 |
| 05. | सुन्दरकाण्ड पाठ | घाटकोपर क्षेत्रीय समितियाँ | 24 अक्टूबर | 07 |
| 06. | डांडिया गरबा रास | घाटकोपर युवा समिति | 28 अक्टूबर | 07 |
| 07. | रास गरबा फिवर | अंधेरी महिला एवं युवा समिति | 28 अक्टूबर | 05 |
| 08. | गरबा नाईट | गोरेगांव युवा समिति | 29 अक्टूबर | 16 |
| 09. | The Confident You | अंधेरी क्षेत्रीय समितियाँ | 3 से 5 नवम्बर | 07 |
| 10. | स्वर्णिम सफर | गोरेगांव क्षेत्रीय समितियाँ | 26 नवम्बर | 06 |
| 11. | MPL-X4 | बोरीवली युवा समिति | 1-3 दिसम्बर | 12 |

## माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई

## शिक्षा सहयोग समिति

मुम्बई महानगर में निवास करने वाले लगभग 4500 से अधिक माहेश्वरी परिवारों की एकमात्र संस्था, माहेश्वरी प्रगति मण्डल गत् 65 वर्षों से समाज सेवा के कार्यों में अविरत कार्यरत है। मण्डल द्वारा राजस्थान एवम् महाराष्ट्र स्थित माहेश्वरी परिवारों के 10वीं /12वीं /कॉलेज /उच्च शिक्षा में अध्ययनरत होनहार जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता/ ऋण छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। आवेदन पत्र मण्डल की वेबसाईट www.mumbaimaheshwari.com पर उपलब्ध है अथवा 75067 17803 पर WhatsApp द्वारा मेसेज भेजकर प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र पूर्णतया भरकर मण्डल कार्यालय के निम्नलिखित पते पर जमा करें।

**माहेश्वरी प्रगति मण्डल**
**शिक्षा सहयोग समिति**
माहेश्वरी भवन, 603 जगन्नाथ शंकरशेठ रोड,
गिरगांव, मुम्बई - 400 002
Email id: shikshasahyog@mpmmumbai.in.

बसन्तकुमार चाण्डक -98200 29920
(संयोजक - शिक्षा सहयोग समिति)

## दक्षिण मुम्बई महिला समिति
द्वारा आयोजित

## डांड़िया गरबा - कार्यशाला

प्रशिक्षक : श्री श्रीरतनजी मोहता
दि. 3 से 10 अक्टूबर 2023
प्रति दिन दोपहर 2 से 5 बजे तक
(रविवार छोडकर)
**स्थल :** माहेश्वरी भवन गिरगांव,
प्रथम मंजिल सभागार



कृपया रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्क करें।
संगीता भराड़िया - 98200 51554
रचना सामरिया - 98331 58720
दुर्गा चाण्डक - संयोजिका
99872 11044


जब तक जीवन है, प्रेम से रहिए उसके बाद तो फ्रेम में हीं रहना है।

प्रिय स्वजनों,

जय श्री कृष्ण।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव एवं नन्दोत्सव हम सभी ने हाल ही में हर्षोल्लास हे मनाया है। अब 19 सितम्बर को होने वाले गणेशजी के आगमन की तैयारियां सारे मुम्बई शहर में हो रही है। अपना माहेश्वरी समाज भी अपने घरों में गणेशजी की स्थापना कर इस गणेशोत्सव को हर्षोल्लास से मनाता है या अपनी सोसायटी में सार्वजनिक रूप से मनाता है। इस उत्सव को मनाते समय हमें पर्यावरण व स्वच्छता का बहुत ध्यान रखना आवश्यक है। गणेशजी की प्रतिमा, उनके विसर्जन की पद्धति एवं उत्सव के इन दिनों में उपयोग में आनेवाले प्लास्टीक के सामान आदि पर विशेष रूप से ध्यान देकर पर्यावरण का सन्तुलन व स्वच्छता बनी रहे इस पर प्रत्येक समाजबन्धु को पहल करनी चाहिए। गत माह में गणेशजी के अध्यात्मिक स्वरूप का अर्थ प्रस्तुत किया था, उसका भी प्रचार हमारे बच्चों में करना चाहिए।

बन्धुओं, प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मण्डल की सभी महिला समितियों द्वारा सातुचूर्ण वितरण का कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। इस वर्ष पहली बार तैयार सातु का भी वितरण किया गया जो बहुत ही सराहनीय है। समाजबन्धुओं के लिये वर्तमान में बहुत ही आवश्यक सुविधा हमारी महिला समितियों ने उपलब्ध करवाई है इस हेतु हार्दिक धन्यवाद।

साथियों, मण्डल द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है जिसमें मुख्य रूप से संगठन, संस्कृति एवं सेवा के कार्य होते हैं। इसी कार्यों की श्रृंखला में विवाह सहयोग समिति द्वारा विवाह योग्य युवक-युवति बायोडाटा संकलन किया जाता है। समाजबन्धु, इन बायोडाटा का उपयोग बच्चों के लिये जीवनसाथी चयन हेतु करते है। परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया जाता है। आगामी 2 अक्टूबर को नयी संकल्पना नया स्वरूप व नये परिवेश में जीवन साथी का चयन करने के लिये परिचय सम्मेलन का आयोजन विवाह सहयोग समिति ने किया है जिसकी जानकारी भी गत 3 महिनों से प्रकाशित हो रही है। इसी सरसवाणी में भी यह जानकारी प्रकाशित की गयी है। आप सभी से निवेदन है कि इस आयोजन का अवश्य लाभ लेवें।

**सर्वप्रथम बच्चों के विचारों, भावनाओं एवं अपेक्षाओं को जानना चाहिये ताकि निर्णय लेने में सहजता होगी।**

✦ Bio-data की स्पष्ट और सुन्दर कापी भेजनी चाहिये जिसमें पूर्ण विगत होवे। Bio-data से सभी आपका reference व जान पहचान मालूम करना चाहते हैं और परिवार की सामाजिक और आर्थिक स्थिति जानना चाहते हैं।

✦ कुण्डली मिलाने की अगर मानसिकता है तो सबसे पहले वो कार्य पूर्ण करके ही अगला कदम उठावे।

✦ Bio-data में दी गई जानकारी के अतिरिक्त अन्य कोई जानकारी या जिज्ञासा हो तो विचार करने के पूर्व उसका निदान कर लेवें। शिक्षा के स्तर का भी इसी तरह आंकलन कर लेना चाहिये।

✦ परिवारों के रहन सहन व आर्थिक स्थिति में अधिक अन्तर होने से adjust होनें में कठिनाईयां आ सकती है, इसका ध्यान देना चाहिये। खान-पान, धार्मिक आस्था व पूजा पद्धति आदि की भी जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिये।

✦ संयुक्त परिवार में रहने की मानसिकता, लड़के की आर्थिक उपार्जन क्षमता एवं लड़की की Career के प्रति रूचि की भी जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिये।

✦ आपके पास रिश्ते के लिये कोई प्रस्ताव आता है और आपको सोचने के लिये कुछ समय चाहिये तो उनको विनम्रता से बताये। सामने वाले से तुरन्त जवाब की अपेक्षा नहीं करनी चाहिये। 2/3 मीटींग करनी पड़े तो कीजिये। बच्चों को शान्त माहौल में बात करने का समय दीजिये।

✦ हमें बड़े शहर में ही लड़की देनी है या दूर नहीं देना है, इस पर भी गहन चिन्तन-मनन की आवश्यकता है।

✦ लड़कियां कितनी भी पढ़ लिख लेवें, उनको पारिवारीक जिम्मेदारियां सम्भालनी ही पड़ेगी-यह बात हमें समझानी चाहिये।

बन्धुओं, तय किये गये मापदण्डों को ध्यान में रखकर निर्णय लेते समय compromise के भाव अवश्य रखने चाहिये और सम्बन्ध तय करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिये।

शुभकामनाओंसहित, जय महेश।

विनम्र

मुम्बई

दिनांक : 15 सितम्बर 2023

प्रमोदकुमार देवपुरा (अध्यक्ष)

C/F p1

# MAHESHWARI GEN X : A NEW ERA

प्रिय स्वजनों,
सादर जय श्रीकृष्ण।
दि. 7 व 8 अक्टूबर 2023 को आयोजित Maheshwari Expo के माध्यम से समाजबन्धुओं को समाज के होनहार उद्योगी युवाओं (Entrepreneurs) के विविध Products एवं Services की जानकारी Exhibition के माध्यम से अवगत की जायेगी। इससे हमारे विविध क्षेत्रों में कार्यरत युवा Entrepreneurs व समाजबन्धुओं में Communication स्थापित किया जा सकता है तथा समाजबन्धु लाभान्वित हो सकते है।




**LOCATION ADDRESS**
Maheshwari Bhawan, Andheri
Opp Shriji Restaurant
Oshiwara, Mumbai
93722 58324, 022 2637 4256 / 7

During your visit, participate in our lucky draw held every 2 hours by filling out the form. You could be the lucky winner of amazing prizes

**For more information, contact**

आशीष काबरा 73031 37372 * संदीप परवाल 98203 15045 * सुमित दरक 93268 67205 * गौरव चेचाणी 90222 40892

रवि भट्टड - कार्यक्रम संयोजक - 98331 84392



## दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति
द्वारा आयोजित
गणेश विसर्जन के पर्व पर

# कचौड़ी वितरण

गुरुवार 28 सितम्बर 2023 • सायं 5 बजे से

**स्थल :** माहेश्वरी भवन, गिरगांव

रामअवतार चाण्डक - संयोजक - 93234 50502

गणपती बाप्पा मोरया
अगले बरस तू जल्दी आ...



एक चाहत होनी चाहिए अपनो के साथ जीने की वरना ऊपर तो अकेले को ही जाना है।

**मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन एवं समाज के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति**

# इंद्रधनुष के रंग अपनों के संग 2023





## मुख्य अतिथि
## श्री निखिलजी राठी

(Founder, Neosoft Technologies & Web Werks Data Centre)

रविवार 1 अक्टूबर 2023, सायं 6 बजे से

**स्थल :** स्वातंत्र्यवीर सावरकर ऑडिटोरियम, शिवाजी पार्क, दादर (प.), मुम्बई

वर्ष 2022-23 के 1st to 10th Std. (SSC/ICSE/CBSE & Equivalent) - Grade A+ /A / 85% & above अंक प्राप्त विद्यार्थियों का अभिनन्दन

कृपया Self Attested मार्कशीट Copy, Passport Size Photo एवं किसी एक Parent/Guardian के मो. नं. निम्नलिखित कार्यकर्ता के पास दि. 28 सितम्बर के पूर्व या WhatsApp पर भेज सकते है।

पवन माहेश्वरी - 98203 29351 ● सुनील धूत - 98210 27591

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

| निवेदक | अध्यक्ष/अध्यक्षा | | मंत्री/संयोजक | |
|---|---|---|---|---|
| माहेश्वरी प्रगति मण्डल | प्रमोदकुमार देवपुरा | | नारायण मालपानी | |
| मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समिति | भगवान भूरा | - 98672 75591 | राजेश लोया | - 98200 44558 |
| मध्य मुम्बई महिला समिति | सुषमा जाजु | - 93200 56000 | मंजु तोषनीवाल | - 93225 98143 |
| मध्य मुम्बई युवा समिति | प्रशान्त लाहोटी | - 99671 18008 | प्राची जाजु | - 94227 03488 |

## Andheri Mahila & Yuva Samiti
*Presents*





LIVE ORCHESTRA
VIVAAHUTSAV
BY BIJAL PAREKH

# RGF
## RAAS GARBA FEVER

VENUE : MAHESHWARI BHAVAN, ANDHERI WEST.
28TH OCT, 2023 | 7 PM ONWORDS

A NIGHT FILLED WITH CELEBRATION,
LIVE MUSIC, DELICIOUS FOOD,
EXCITING PRIZES AND MUCH MORE.

FOR DETAILS PLEASE CONTACT

| GAURI SARDA DAGA | VYOM BINANI | MONIKA LATURIA |
|---|---|---|
| PRESIDENT | SECRETARY | PROGRAM COORDINATOR |
| 93237 13534 | 90224 71505 | 70456 44948 |

गोरेगांव क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

# स्वर्णिम सफर

50 Years Celebration

## Musical Evening

- Exhibition Stalls - Women Empowerment
- Get Together
- Felicitation of Former Presidents & Secretaries
- Meritorious Students Award Ceremony

SUNDAY NOV 26 2023 4PM onwards

स्थल

ब्रह्मा महेश ग्राउन्ड, बांगुर नगर, माइंडस्पेस की तरफ से प्रवेश, गोरेगांव (प.)

**निवेदक**
गोरेगांव क्षेत्रीय समिति
गोरेगांव महिला समिति
गोरेगांव युवा समिति

**अध्यक्ष/अध्यक्षा**
गोपालकृष्ण मालपानी : 92232 61506
सुनिता भट्टड : 98199 95116
आदित्य कासट : 88980 27988

**संयोजक / संयोजिका**
विनय बियानी : 93244 21240
संगीता तोतला : 99695 45441
नन्दकिशोर दरक : 77100 41324

कार्यक्रम संयोजक - राधेश्याम डालिया : 93224 05773

## Maheshwari Woman Entrepreneurs Exhibition

An invitation to put up a stall awaits Exclusively for Maheshwari Woman Entrepreneurs of Goregaon - Jogeshwari Kshetra to unveil their business acumen and leadership prowess by exhibiting your products, services or any commercial skill.

*Stalls are limited... Hurry up*

Last Date of application
30-09-2023 (Saturday)



Submit your application today
to participate at this empowering Exhibition!
HTTPS://TINYURL.COM/MPMGS-EXHIBITION

SCAN
for more info

**STOP DREAMING AND START DOING**

Contact for more info :
Kishore Kabra - 98200 93307 • Pankaj Namdharani - 98670 40623



जिनके विचार एवम् सफर खूबसूरत होते है वो मंजिल के मोहताज नहीं होते।

अंधेरी क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

# The Confident You

## Cognitive Development Programme for Children (Age Group 7 to 14 yrs.)




**शुक्रवार दि. 3 से रविवार 5 नवम्बर 2023, स्थल : माहेश्वरी भवन, अंधेरी**

**रजिस्ट्रेशन के लिये कृपया सम्पर्क करें।**

अनु सोमानी - 93215 11230  गौरी डागा - 93237 13534

**कार्यक्रम संयोजक :** संदीप पेरीवाल - 98199 88384, नन्दन बिनानी - 93222 21277

| निवेदक | अध्यक्ष/अध्यक्षा | | संयोजक/संयोजिका | |
|---|---|---|---|---|
| अंधेरी क्षेत्रीय समिति | संदीप दम्मानी | - 98200 08875 | ओमप्रकाश गांधी | - 98200 41494 |
| अंधेरी महिला समिति | कान्ता मालपानी | - 93227 33821 | सविता माहेश्वरी | - 98195 44050 |
| अंधेरी युवा समिति | गौरी डागा | - 93237 13534 | व्योम बिन्नानी | - 90224 71505 |

घाटकोपर क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा आयोजित



# डांड़िया गरबा रास

शनिवार 28 अक्टूबर 2023 • सायं 7 से 10 बजे तक

स्थल : माहेश्वरी भवन, घाटकोपर

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

अधिक जानकारी के लिये कृपया सम्पर्क करें।

पार्थ नावन्दर - अध्यक्ष - 98198 73691

विनीत बियानी - संयोजक - 98335 13191

पौर्णिमा मालपानी - कार्यक्रम संयोजिका - 96643 68736



घाटकोपर क्षेत्रीय समिति द्वारा

विजया दशमी के पावन पर्व पर आयोजित

# सामुहिक सुन्दरकाण्ड पाठ

**प्रस्तुति :** सीतारामजी एवं राजारामजी तापड़िया तथा साथीगण (वापी)

मंगलवार 24 अक्टूबर 2023  सायं 4 बजे

**स्थल :** माहेश्वरी भवन, घाटकोपर

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**निवेदक**

स्वप्नेषु बसेर - अध्यक्ष - 98211 83231 • नवनीत लोया - संयोजक - 98210 65471

अच्छा दिल संबंधों को जीत सकता है पर अच्छा स्वभाव उसे आजीवन निभा सकता है।

# जो प्राप्त है वो पर्याप्त है।

प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है की वो अपना कर्म करें लेकिन कर्म का तात्पर्य सिर्फ धन कमाना, दौलत इकट्ठी करना या पद-प्रतिष्ठा की दौड़ लगाना नहीं है। जीवन का सही अर्थ में आनन्द लेना, अपने कर्तव्यों व संस्कारों को समझते हुए जीवन जीना होता है। सबसे पहले ईश्वर की सत्ता में विश्वास रखना, कैसी भी स्थिति हो अपने आपको शांत रखना, सकारात्मक भाव रखना, भाग्य और अपने पुरूषार्थ से जो प्राप्त हुआ है उसका आनन्द लेना, साथ ही उसे परमार्थ में लगाना, प्रकृति की रक्षा करना व जो प्राप्त है उसे पर्याप्त मान कर जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।

भौतिक वस्तुओं का संग्रह करने की प्रवृत्ति जीवन को उलझन व लोभ में डालती रहती है। नित नये आविष्कार मन को ललचाते रहते हैं। वस्तुओं की जरूरत नहीं होती फिर भी संग्रह करने की आदत बढ़ती जाती है। दूसरे के पास नया क्या है ? मुझे भी वो ही चाहिए। कभी भी मन-मस्तिष्क को चैन नहीं लेने देगा। संसार सदा गतिमान रहेगा व इसमें नये नये अनुसंधान होते रहेंगे। खान-पान, वस्त्र-परिधान, आभुषण, कारें, घर की सजावट व मौज-मस्ती का रूप-स्वरूप, अनेक तरह के रंग लेकर सामने आते रहेंगे। इन सभी बातों में उलझकर व्यक्ति जीवन का सही अर्थ व आनन्द खो देता है। मन में ईर्ष्या, जलन, होड़, प्रतिस्पर्धा, निराशा व अवसाद से घिरता जाता है।

प्रत्येक दिन खुशियाँ मनाने का दिन है। सुबह उठते ही ईश्वर के प्रति आभार व दिन भर में परिवार, स्वजन, मित्रगण, साथी सहयोगी सबके प्रति धन्यवाद (ग्रेटिट्यूड) का भाव रखें। सफलता, असफलता पर मन का संयम बनायें रखें। जो चीज हमारे वश में है, उस पर विचार करें बाकी सब प्रकृति व परमात्मा पर छोड़ दें व उनके निर्णय को स्वीकार करें।

उसकी कमीज मुझसे अधिक सफेद क्यों / उसकी तिजौरी में मुझसे अधिक धन क्यों / उसके कर्म तो ऐसे हैं वैसे हैं फिर भी उसके जीवन में मुझसे ज्यादा मौज मस्ती क्यों / इस तरह के विचार सिर्फ निराशा उत्पन्न करते हैं। जीवन की खुशियों पर रोक लगाते हैं। दूसरों का जीवन कैसा है, उनके कर्म कैसे हैं वो कैसे जीते हैं इन सब पर हमें विचार व निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं है। हमारा अपना जीवन कैसा है इसमें क्या सुधार करना है, इसको कैसे आनन्दमय बनाना है, हमारा सम्पूर्ण चिन्तन इन विचारों पर ही होना चाहिए। अर्थात जो प्राप्त है उसे पर्याप्त मान कर जीवन को सुखमय बनाना चाहिए।

**समझने योग्य बातें**

- ✦ जो प्राप्त है वो पर्याप्त है उसका आनन्द लेवें। इसका तात्पर्य हाथ पर हाथ धर कर बैठने या कर्म नहीं करने से नहीं है। इसका अर्थ जो कुछ भी भाग्य और पुरूषार्थ से मिला है उसका आनन्द लेने से है।
- ✦ सदैव स्मरण रखें सिर्फ भौतिक वस्तुओं के संग्रह से जीवन सुखी नहीं होता है। परमात्मा, प्रकृति और परिवार के प्रति सदा आभार व्यक्त करें क्योंकि इन तीनों के सहयोग से ही जीवन की सार्थकता बनती है।
- ✦ दूसरों की जीवन शैली का निर्णय नहीं करें। प्रत्येक व्यक्ति के अपने कर्म है। प्रत्येक व्यक्ति के अपने कर्म और अपनी समझ होती हैं। उसे इसी अनुरूप अपना जीवन जीने का अधिकार भी होता है।
- ✦ मन जब भी निराशा या अवसाद पर विचार करने लगे तुरन्त विचार क्रिया को रोक कर दूसरी तरह चिन्तन करने लगे। अभ्यास करने से यह आदत में बदल जाती है और सब परिस्थितियों में सकारात्मक भाव बनने लगते है।
- ✦ खूब कमाये, कम खाये, सद्कर्म में अधिक लगाये फिर देखिये जीवन में कैसे खुशियों का झरना बहने लगता है।


आशा चाहे कितनी भी कम हो निराशा से बेहतर ही होती है।

- कोई भी वस्तु खरीदने या संग्रह करने के पहले ये विचार जरूर करें क्या इस वस्तु की वास्तव में आवश्यकता है अथवा सिर्फ अच्छी लगी इसलिए खरीद लेते है। कोई भी ऐसी वस्तु इकट्ठी नहीं करें जो सिर्फ नई है और अन्य लोगों के पास भी है। अतएव हमारे पास भी होनी चाहिए।
- माना की संसार में लाखों लोग ऐसे हैं जो हमसे प्रत्येक क्षेत्र में आगे है। लेकिन यह भी तो सत्य है, करोड़ो लोग हर क्षेत्र में हमसे बहुत पीछे है। आगे वाले को देखकर ईर्ष्या या होड़ नहीं, प्रेरणा जगाए व पीछे वालों को देखकर अभिमान या बड़प्पन नहीं, मन में सन्तोष, समाधान व आभार जताऐं।
- दुनियां में बहुत वस्तुएं है और निरन्तर आती रहेगी, बनती रहेगी। ना ही तो सब हम पा सकते ना ही सबका उपयोग कर सकते। अत: जो भी भाग्य और पुरूषार्थ से मिलता है उसको पर्याप्त मान कर उनका सही उपभोग व उपयोग करेंगें तो जीवन का सच्चा सुख व आनन्द मिलेगा। अर्थात् जो प्राप्त है वो जीवन के लिए पर्याप्त है।

। इति शुभम् ।

रमेश मरदा, मुम्बई (सामाजिक व मोटिवेशनल चिन्तक) मो. 98210 98196

## विवाह सहयोग समिति एवं केन्द्रीय युवा समिति द्वारा आयोजित

## स्नातक एवं उच्च शिक्षित विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए

**नयी संकल्पना, नया स्वरूप एवं नये परिवेश में**

सोमवार
दि. 2 अक्टूबर 2023
प्रात: 9 से
सायं 6 बजे तक

*An event for selection of Life Partner*

*Let us Meet & Move Ahead*

स्थल
Club Emerald, Chembur (Near Mangal Hospital)

For Registration
Scan QR Code




- जिनका जन्म 1987 तथा उसके पश्चात् हुआ है ऐसे अविवाहित युवक-युवती आयोजन में भाग ले सकते है।
- Registration एवं अधिक जानकारी के लिये कृपया सम्पर्क करें।
- **रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि अब दि. 25 सितम्बर 2023 सायं 6 बजे तक की गई है।**
- प्रत्याशी के साथ केवल 2 अभिभावक रह सकते है जिनको दोपहर 3 बजे के पश्चात् प्रवेश मिलेगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| घाटकोपर | आशीष मून्दड़ा | 98201 86690 | मालाड | गौतम मानधनिया | 98194 21252 |
| घाटकोपर | उर्मिला सिंगी | 99209 20173 | मालाड | मनोज लड्ढा | 93235 41634 |
| बोरीवली | विनोद मालू | 98211 19785 | गोरेगांव | हरिशंकर कांकानी | 98210 73387 |
| बोरीवली | गिरधर सारडा | 93226 77943 | दक्षिण मुम्बई | कृष्णा झंवर | 99202 19100 |
| अंधेरी | विमला समदानी | 93245 60725 | मध्य मुम्बई | मंजु डागा | 93210 25179 |

निवेदक

**विवाह सहयोग समिति**

शानु काबरा - अध्यक्षा - 99676 30337
कल्पना लोहिया - संयोजिका - 93230 08960

**केन्द्रीय युवा समिति**

सुमित दरक - अध्यक्ष - 97685 42376
गौरव चेचानी - संयोजक - 90222 40892

ज्योति राठी - कार्यक्रम संयोजिका - 87793 80780

माहेश्वरी समाज, इगतपुरी द्वारा निर्मित एवं श्री माहेश्वरी बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित

# श्री आर एन बजाज - माहेश्वरी भवन
# श्री आर जी चाण्डक - माहेश्वरी मंगल कार्यालय

Scan For Details

## इगतपुरी (जि. नासिक, महाराष्ट्र)

Railway Station - 0.5 km • Local Bus Stand - 1.0 km
Travels Point - 1.0 km • Nasik International Airport - 74 km

- डेस्टिनेशन वेडिंग, समारोह, गेट टूगेदर आदि कार्यक्रमों के लिये बहुत बढ़िया और कम खर्च में उपलब्ध स्थल।
- प्राकृतिक सम्पदा से भरपूर, नयनरम्य पर्यटन स्थल।
- केवल स्थल ही नहीं अपितु अपने कार्यक्रम/समारोह को सुनहरी यादगार बनाने के लिये सर्वोत्तम स्थल!
- विनम्र, तत्पर एवम् सर्वोत्तम सेवा। • अद्भुत निर्माण व कार पार्किंग की सुविधा।

**FACILITIES :**

- ✦ Family Room : For 4 Persons (Double Bed 1, Single Bed 1 & Gaddi 1)
- ✦ Deluxe Room : For 5 Persons (Double Bed 1, Single Bed 2 & Gaddi 1)

  Check in : 12 pm  Check out : 10 am
- ✦ Air Conditioned Rooms with attached Western Toilet
- ✦ 24 Hours warm water
- ✦ AC Hall : For 75 Persons
- ✦ Spacious Hall - Non AC (2 Nos.) : For 250-300 Persons
- ✦ Parking, Lift & Generater (24x7)

**For more information please contact (8 am to 10 pm)**

Office - 91722 31720
Kapil Chandak - 86690 03712
Mahesh Chandak - 98502 53768
Send JSK, on whatsapp to get more information









"सही करने की हिम्मत उसी में आती है जो गलती करने से नहीं डरते हैं।"


|| राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम ||

|| श्रीहरिः ||

# || भावपूर्ण श्रद्धांजलि ||

*नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।*
*न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।*







## स्व. श्री जुगलकिशोरजी माहेश्वरी (भुतड़ा)

जन्म दि. : 19-08-1932 * निर्वाण दि. : 30-07-2023

### || श्रद्धावनत ||

**पुत्र - पुत्रवधु** : हरीश -सौ. सरोज, चंद्रशेखर - सौ. पद्मा,
अशोक - सौ. संगीता, स्व. श्रीकांत - श्रीमती पूनम

**पुत्री - दामाद** : सौ. शारदा नंदलालजी लाहोटी, सौ. आशा राधेश्यामजी जाजू
सौ. मंजुला रमाकांतजी सारडा, सौ. रेणुका जगदीशजी दरक

**पौत्र - पौत्रवधु** : दिनेश - सौ. नंदिनी, उमेश - सौ. योगिता

**पौत्र - पौत्री** : पूजा, राहुल, स्वाती, राधिका, रोहित, यश

**पडपौत्र - पौत्री** : रिशान, युवान, खुशी, आशी

### || प्रतिष्ठान ||

**खादी स्टोर्स**
प्रार्थना समाज
93236 21311

*

**पहनावा**
प्रार्थना समाज / मुलुण्ड
98338 95700 / 98201 39053

*

**खादी एन सिल्क**
बोरीवली
99876 96644

|| राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम || राम ||

# Borivali Yuva Samiti's




**Date : 1st, 2nd & 3rd Dec 2023**

**Venue : MPM Plot, Link Road, Borivali West**

- Any player who wants to participate in MPL-X4 has to register his name.
- Enrollment for participation is on first come first basis.
- Kids team (Boys) : Age group - 8 to 14 years.
- Male Teams : Age group - 14+ years • Female Teams : Age group - 12+ years
- Last date of registration 8th October 2023.
- Virtual selection of players on Saturday, 28th October 2023.
  @ Maa Manglaya Bhavan, Borivali (W) (Entry by invitation only).
- Organizers reserve the right to change anything according to circumstances.

For Registration
Scan QR Code

**For more information contact**

| Krishna G. Rander | Neha Loya Chichani | Monali Laddha | Nikunj Saboo |
|---|---|---|---|
| Adhyaksh – BYS | Sanyojika - BYS | Project Co-ordinator | Project Co-ordinator |
| 99209 01422 | 98192 95949 | 98197 20987 | 92206 29358 |

# चिकित्सा सहायता कोष

## (माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई के अन्तर्गत)

## चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता दी जाती है।

**चिकित्सा हेतु आर्थिक सहयोग देना इस कोष का उद्देश्य है। आवेदन पत्र में निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करें।**

✦ Medical Report के साथ मरीज के बीमारी की जानकारी। ✦ बीमारी व्यक्ति की संक्षेप में पारिवारिक एवम् आर्थिक जानकारी। ✦ अब तक किये हुए खर्च की विगत एवम् अन्य संस्था द्वारा प्राप्त सहायता की जानकारी। ✦ भविष्य में इलाज के लिए होने वाले खर्च का डॉक्टर द्वारा प्रमाणित Cost Certificate ✦ मरीज की मेडीक्लेम पॉलिसी की जानकारी।

**विशेष नोट :**

1) मुम्बई के बाहर निवास करने वाले समाजबन्धु को अपने स्थानीय माहेश्वरी संगठन के अध्यक्ष/मंत्री द्वारा सिफारिश पत्र लेना अनिवार्य है।

2) आवेदक को अस्पताल के नाम से चेक दिया जाता है अत: अस्पताल में Admit होने से पूर्व या Admit होते ही आवेदन पत्र कार्यालय में पहुँच जाय इस बात का विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए।

**आवेदन, पूर्ण विगत के साथ, मंत्री, चिकित्सा सहायता कोष के नाम निम्न पते पर प्रेषित करें।**
**माहेश्वरी भवन, 603, जगन्नाथ शंकरशेठ रोड, गिरगांव, मुम्बई - 400 002.**
**दूरध्वनि : 22005026 / 27 / 28**

Email : info@mpmmumbai.in • Website : www.mumbaimaheshwari.com



प्रेम से रहो दोस्तों, जरा सी बात पे रुठा नहीं करते, पत्ते वही सुंदर दिखते हैं, जो शाख से टूटा नहीं करते।

1. घाटकोपर क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा दि. 15 अगस्त 2023 को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर घाटकोपर भवन में ध्वजारोहण का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। राष्ट्रगीत के पश्चात् सभी ने देशभक्ति के गीत गाकर आनन्द लिया।
विनीत बियानी - संयोजक

2. घाटकोपर क्षेत्रीय समितियों द्वारा दि. 7 सितम्बर 2023 को आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव घाटकोपर भवन में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। बच्चे, युवा एवं प्रौढ सभी ने भगवान श्रीकृष्ण की लीला पर आधारित भजन व नृत्य प्रस्तुत किये। उपस्थिति लगभग 60 की रही। नवनीत लोया - संयोजक

3. मुलुण्ड क्षेत्रीय समितियों द्वारा दि. 6 सितम्बर 2023 को आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं नन्दोत्सव का आयोजन श्री मिश्रीलालजी झंवर के निवास स्थान पर हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। समाजबन्धुओं द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित भजन, किर्तन प्रस्तुत किये गये। उपस्थिति लगभग 95 समाजबन्धुओं की रही। पंकज परवाल - संयोजक

4. बोरीवली क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा दि. 12 सितम्बर 2023 को आयोजित नन्दोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। समाज की बहनों द्वारा सुमधुर भजन एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गयी जिसका सभी ने आनन्द लिया। उपस्थिति लगभग 150 बहनों की रही। संगीता सारड़ा - संयोजिका

5. केन्द्रीय महिला समिति द्वारा सभी क्षेत्रीय महिला समितियों के सहयोग से अधिक मास के पावन पर्व पर समाजबन्धुओं से अनुदान एकत्रित करके विविध प्रकार के सर्वजन हिताय कार्य किये गये।
   * टाटा अस्पताल एवं नायर अस्पताल में Medical Equipments व मरिज के इलाज हेतु आर्थिक सहयोग।
   * मध्य मुम्बई, अंधेरी व बोरीवली स्थित वृध्दाश्रम में खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण।
   * गोरेगांव, कांदिवली, बोरीवली एवं घाटकोपर स्थित स्कूलों में विद्यार्थियों को शालोपयोगी वस्तुओं का वितरण तथा दहाणू-गंजाड के आदिवासी क्षेत्र की स्कूल में Notebooks का वितरण।
   * सभी आठों क्षेत्रों में जरूरतमन्द बहनों को छातें व साडियों का वितरण।
   * मार्कण्डेश्वर शिव मन्दिर वरली में सामुहिक रुद्राभिषेक तथा फणसवाडी स्थित तिरुपति बालाजी मन्दिर में पूजन व गोष्टी का आयोजन।
   * विविध क्षेत्रों में एवं गिरगांव भवन पर सातुचूर्ण एवं तैयार सातु वितरण का कार्यक्रम दि. 25 व 26 अगस्त को सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। तैयार सातु का वितरण पहली बार हुआ जिसकी सभी ने सराहना की।
   * दि. 5 सितम्बर को D Rajwada Resort, Boisar में एक दिवसीय पिकनिक एवं नन्दोत्सव हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। सुमन मून्दड़ा - संयोजिका

6. मुलुण्ड क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा दि. 6 अगस्त 2023 को आयोजित Kids Festival का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ जिसमे 4 से 11 वर्ष तक के 20 बच्चों ने भाग लिया। योगा, मनोरंजक गेम्स एवं Fireless Cooking इस आयोजन के मुख्य आकर्षण रहे। विनय सोमानी - संयोजक

7. घाटकोपर क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा दि. 31 अगस्त 2023 को आयोजित तीज सिंझारा एवं मेहन्दी का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 40 बहनों ने इसका लाभ लिया। समिति द्वारा दि. 2 सितम्बर को कजली तीज के अवसर पर घाटकोपर भवन में नीमड़ी पूजन की व्यवस्था की गयी थी जिसका बहनों ने लाभ लिया। मंजु गग्गड़ - संयोजिका

8. बोरीवली क्षेत्रीय समितियों द्वारा स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर दि. 15 अगस्त 2023 को बोरीवली प्लॉट पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। राष्ट्रगान के पश्चात् सभी ने देशभक्ति गीतों का आनन्द लिया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 4 टीम सम्मिलित हुई जिसमे 24 खिलाडियों ने भाग लिया। लगभग 60 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही। सुनील नुवाल - संयोजक

9. अंधेरी क्षेत्रीय समिति द्वारा रविवार दि. 20 अगस्त 2023 को सामुहिक महारुद्राभिषेक का आयोजन माहेश्वरी भवन अंधेरी में भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। 50 जोडों ने रुद्राभिषेक करवाया एवं लगभग 200 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।
ओमप्रकाश गांधी - संयोजक

10. मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समिति द्वारा दि. 8 सितम्बर से 11 सितम्बर 2023 तक आयोजित श्री रामेश्वर धाम एवं मीनाक्षी मन्दिर तीर्थयात्रा भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई। 42 समाजबन्धु इस यात्रा में सम्मिलित हुए। राजेश लोया - संयोजक

11. गोरेगांव क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा दि. 22 अगस्त 2023 को मोंटेरिया विलेज में आयोजित पिकनिक हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई जिसका 45 बहनों ने आनन्द लिया। संगीता तोतला - संयोजिका

लोगों की निंदा से घबरा कर, अपना रास्ता मत बदलना, क्योंकि सफलता शर्म से नही, साहस से मिलती हैं।




श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम

- मण्डल के उपाध्यक्ष श्री रामकिशोरजी दरक की पूजनीय माताजी एवम् केन्द्रीय युवा समिति के अध्यक्ष श्री सुमितजी दरक की पूजनीय दादीजी श्रीमती शांतादेवी रामजीवनजी दरक का वैकुण्ठवास 79 वर्ष की आयु में मंगलवार, दि. 12 सितम्बर 2023 को मुम्बई में हो गया।
- श्री अमरजी एवम् अनिलजी राठी की पूजनीय माताजी श्रीमती सरस्वतीदेवी सोहनलालजी राठी का वैकुण्ठवास रविवार, दि. 03 सितम्बर 2023 को 80 वर्ष की आयु में रायसिंहनगर में हो गया।
- श्री भगवतीप्रसादजी लाहोटी की धर्मपत्नी श्रीमती कान्ताजी लाहोटी का वैकुण्ठवास गुरूवार, दि. 24 अगस्त 2023 को 73 वर्ष की आयु में बोरीवली में हो गया।
- मण्डल के सदस्य श्री संदीपजी दम्माणी के पूजनीय पिताजी श्री पन्नालालजी दम्माणी का वैकुण्ठवास मंगलवार, दि. 15 अगस्त 2023 को 81 वर्ष की आयु में अंधेरी में हो गया।
- मण्डल के आजीवन सदस्य श्री हरिकिशनजी नागोरी की पूजनीय भाभीजी श्रीमती सरलादेवी रामनिवासजी नागोरी का वैकुण्ठवास दि.13 अगस्त 2023 को 72 वर्ष की आयु में नासिक में हो गया।
- मंडल के आजीवन सदस्य श्री अशोकजी व श्री अविनाशजी लखोटिया की पूजनीय माताजी श्रीमती कृष्णादेवी लखोटिया का वैकुण्ठवास दि. 12 अगस्त 2023 को 88 वर्ष की आयु में चेम्बुर में हो गया।
- मण्डल के सदस्य श्री घनश्यामजी राठी पूजनीय पिताजी श्री मदनगोपालजी राठी का वैकुण्ठवास सोमवार, दि. 31 जुलाई 2023 को 80 वर्ष की आयु में वरली में हो गया।
- मण्डल के सदस्य श्री हरिशजी एवम् श्री अशोकजी माहेश्वरी (भुतड़ा) के पूजनीय पिताजी श्री जुगलकिशोरजी माहेश्वरी (भुतड़ा) का वैकुण्ठवास रविवार, दि. 30 जुलाई 2023 को 91 वर्ष की आयु में मुलुण्ड में हो गया।
- श्री अभिजितजी एवं श्री अभिषेकजी धूत के पूजनीय पिताजी श्री पवनजी धूत (मण्डल सदस्य) का वैकुण्ठवास 71 वर्ष की आयु में दि. 30 जुलाई 2023 को घाटकोपर में हो गया।
- गोरेगांव क्षेत्रीय समिति के सदस्य श्री विनोदजी नाथानी के अनुज श्री सुबोधजी नाथानी का दुःखद निधन 19 जुलाई 2023 को 60 वर्ष की आयु में जोगेश्वरी में हो गया।
- मण्डल के सदस्य श्री रामवतारजी मोदाणी के पूजनीय पिताजी श्री श्रीवल्लभजी मोदाणी (आजीवन सदस्य) का वैकुण्ठवास शुक्रवार, दि. 17 जुलाई 2023 को 82 वर्ष की आयु में कालबादेवी में हो गया।
- मण्डल के सदस्य श्री विरेन्द्रजी सारड़ा के पूजनीय पिताजी श्री मोहनलालजी सारड़ा का वैकुण्ठवास शुक्रवार, दि. 14 जुलाई 2023 को 85 वर्ष की आयु में गोरेगांव में हो गया।
- मण्डल के सदस्य श्री अनिलजी सोढ़ानी के पूजनीय पिताजी श्री राधेश्यामजी सोढ़ानी का वैकुण्ठवास मंगलवार, दि. 11 जुलाई 2023 को 87 वर्ष की आयु में अंधेरी में हो गया।

**दिवंगत आत्मा को चिरशांति हेतु भगवान महेश के चरणों में प्रार्थना।** - मंत्री

श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम



आप खुश रहा करो क्योंकि आप परेशान होने से कल की मुश्किल दूर नहीं होगी बल्कि आज का सुकून भी चला जाता है।




सत्य को सिद्ध करने के लिए किसी से भी जिद्द करने की जरुरत नहीं है,
क्योंकि सत्य खुद सही समय पर स्वयं सिद्ध हो जाता है।

Post Reg.No. MCS / 047 / 2022-24 RNI No. 22705 / 72 Posted at Mumbai Patrika Channel Sorting Office, GPO.Mumbai 400 001.Published on 15th of every month & posting on 16th / 17th of every month.






Printed, published & edited by Vishnu Madanlal Malpani on behalf of **Maheshwari Pragati Mandal,** printed at Sundaram Art Printing Press, 12, Wadala Udyog Bhawan, Naigaum X road, Wadala,Mumbai – 400 031 & published from Maheshwari Bhawan, 603, J.S.S. Road, Girgaum, Mumbai – 400 002 **टे.: 022 - 2200 5026 / 27 /28**
**website.**www.mumbaimaheshwari.com **Email:**info@mpmmumbai.in **Editor:**Vishnu Madanlal Malpani